सार-समाचार

शिव के बिना मनुष्य शव समान बताया गया हैं : पुराणाचार्य

बून्दी (निसं)। छत्रपुरा स्थित कल्याण राय मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास राष्ट्रीय संत ज्योति शंकर शर्मा पुराणाचार्य ने कथा वक्ता व श्रोता के नियम बताते हुए बताया कि कथा व्यास को उच्च नीच के भेद से परे होकर समग्र विश्व कल्याण के लिए कथा वाचन का करना चाहिए। तब कथा की सार्थकता सिद्ध होती है। शुकदेव जी मे ये सभी नियम चरितार्थ होते है ,इसलिए उनके द्वारा कही हुई कथा का अतिशय प्रभाव है। शिव सती प्रसंग सुनाते हुए पुराणाचार्य ने बताया कि शिव के बिना मनुष्य शव समान है । शिवलिंग की महिमा बताते हुए कथा व्यास ने बताया कि मनुष्य को पार्थिव शिवलिंग की पूजा नित्य करना चाहिए , मिट्टी से बनाये गए शिवलिंग को पार्थिव शिवलिंग कहा जाता है , प्रत्येक मनुष्य को पार्थिव शिवलिंग की पूजा अवश्य करना चाहिए। कपिल देवहूति प्रसंग सुनते हुए पुराणाचार्य ने बताया कि मनुष्य भोग से रोग और योग से निरोग को प्राप्त करता है , पूरक ,कुंभक व रेचक नाम के तीन मुख्य प्राणायाम बताए गए है ज्यो मनुष्य नित्य प्राणायाम करता है इसका मन विशुद्द हो जाता है जिससे जीव भक्ति पथ पर सहज रूप से आगे बढ़ता है। ध्रुव चरित्र सुनते हुए कथा व्यास ने बताया कि मनुष्य की प्रथम गुरु मा होती है , ध्रुव की माता सुनीति ने बाल्यकाल से ही ध्रुव को भगवत पथ पर अग्रसित कर दिया जिससे ध्रुव को परम पवित्र ध्रुवलोक प्राप्त हुआ , आज की माताओ को भी चाहिए कि वे अपनी संतानों में संस्कारो का पोषण करे जिससे एक स्वस्थ समाज की रचना संभव हो सके। इस अवसर पर कथा में उपस्थित रामस्वरूप रावत, मुरारी रावत, बिरधी लाल कुमावत , प्रभु लाल रावत आदि ने कथा आरती की।

राजीनामा हेतु प्री-काउंसलिंग हुई

बून्दी (निसं)। न्यायालय मोटरयान दुर्घटना अधिकरण क्रम संख्या-1 एवं 2 में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर के मध्यनजर मोटरयान दुर्घटना प्रकरणों की प्री काउंसलिंग मैग्मा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि, इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सहित विभिन्न निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों की आयोजित हुई। इसमें न्यायाधीश अर्चना मिश्रा, कंपनियों के अधिवक्ता अजय नुवाल, मैग्मा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के विधि अधिकारी हिम्मत सिंह, अजय शर्मा, क्लेमेंट अधिकता प्रेमशंकर शर्मा, अनिल शर्मा, योगेश जोशी, राकेश मीणा, रमेश अग्रवाल, अलीना शेख, महावीर शर्मा, दिनेश लोरतिया ने क्लेमेंट पक्ष रखकर प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण करवाया कोर्ट रीडर कुंजबिहारी का सहयोग रहा। कंपनी अधिवक्ता के अनुसार इसमें करीब 40 प्रकरणों की काउंसलिंग की जिसमे से राजीनामा योग्य प्रकरणों में सहमति बनने पर राजीनामा किया गया ताकि पीड़ित को शीघ्र प्रतिकर मिल सके जिसमे न्यायाधीश का मार्गदर्शन सराहनीय रहा।

आमसभा व दीपावली मिलन सम्पन्न

कोटा, (निसं)। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अनुभव की आमसभा व दीपावली मिलन जगपुरा स्थित फार्म हाउस पर सम्पन्न हुआ। दीपावली मिलन व आम सभा में 180 दम्पतियों सदस्यों ने शिरकत की। चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र जैन ने बताया कि आगामी 1 वर्षो के लिए धर्मचंद काला के कार्यो पर मुहर लगाते हुए ग्रुप ने पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चुन लिया है, जनसेवा में उनकी मदद के लिए मंत्री पद राजेन्द्र कुमार बज व कोषाध्यक्ष पद पर एस के दोषी को चुना गया है। पूर्व मंत्री अशोक जोरा ने गत वर्षो के कार्यो को सदस्यों के समक्ष साझा किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव (फेडरेशन) जे के जैन, नरेन्द्र कुमार सोनी,जिनेन्द्र कुमार जैन, महावरी प्रसाद मास्टर, महेन्द्र कुमार जैन, शरद पाटनी, पवन सेठी, विमल जैन (वर्द्धमान), कमल बोहरा, देवन्द्र टोंग्या, शकुंतला देवी, संतोष जैन,पुष्पा जैन, उर्मिला जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

आज नाम वापसी का अंतिम दिन

छबड़ा (निसं)। स्थानीय अभिभाषक परिषद के चुनाव के तहत अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव, कोषाध्यक्ष व पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। मंगलवार को नाम वापसी का अंतिम दिन है। सहायक निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए बालमुकुंद खंडेलवाल व राजेश भार्गव ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं सचिव के लिए संदीप सोलंकी, कोषाध्यक्ष के लिए महावीर भार्गव व पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए सुरेंद्र कुमार भार्गव ने आवेदन किए है। उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रतिद्वंद्वी द्वारा नाम वापस लेने से राजेश भार्गव को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। अब देखना यह है कि इस बार चुनाव मतदान प्रकिया तक पहुंचता है या पिछली बार की तरह नाम वापसी के साथ ही चुनाव संपन्न हो जाएगा।

निःशुल्क फिजियोथेरेपी से लाभ मिला

कोटा, (निसं)। सिन्धु सम्यता मंडल द्वारा अशोका कॉलोनी स्थित वृद्धाश्रम में निःशुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। महासचिव प्रकाश वीर नाथानी ने बताया शिविर में डॉ.आयुष रोहिड़ा, एम.पी.टी एवं उनकी टीम द्वारा मरीजो की जांच कर परामर्श दिया। अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खूबचंदानी ने बताया शिविर प्रत्येक माह के रविवार को नियमित लगाया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर एवं वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धो के लिये निःशुल्क रहेगा। शिविर में हरिप्रकाश पजंवानी, अर्जुन जयसिंघानी, हरीश पजंवानी, रमेश वाधवानी, कल्पित रोहिड़ा, नरेश टहिलियानी एवं निजधाम आश्रम के सेवाधारी उपस्थित रहे।

कड़ाके की ठंड का दौर जारी

रावतभाटा, (निसं)। कोहरे व शीतलहर के रूप में प्रकृति कहर बरपा रही है। पिछले 7 दिन से कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। कोहरे के कारण वाहन धीरे चलते नजर आए और हैडलाइटें जलाकर गुजरे। कोहरे व कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त रहा। शहर सुबह 12 बजे तक कोहरे के आगोश में लिपटा रहा। क्षेत्र में गिरते तापमान और शीतलहर के प्रकोप के चलते दोपहर तक लोग घरों में ही दुबके रहे। धुंध की वजह से ज्यादा दूर कुछ नजर नहीं आ रहा है। रावतभाटा क्षेत्र सोमवार को पूरे दिन कोहरे की चादर बिछी रही। शीतलहर के चलते कड़ाके की ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। बाजार और सड़कों पर 10 बजे तक लोगों की आवाजाही बहुत कम रही। दुकानदार दिनभर दुकानों के बाहर अलाव तापते नजर आए।

प्रशिक्षण सम्पन्न

बून्दी (निसं)। शहर के महारानी सीनियर सेकेंडरी बालिका स्कूल में दो दिवसीय एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें 6 स्कूलों के 36 सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण शिक्षक हरीराज सिंह हाडा और ओमप्रकाश रेगर ने उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया। संस्था प्रधान कनक शर्मा ने एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों को स्कूल विकास में भूमिका पर चर्चा की गई । शिक्षक हाड़ा व रेगर ने एसएमसी के कार्य एवं गठन स्कूलों में राज्य सरकार की योजनाओं से लेकर एमडीएम, पालनहार, बजट, सर्व शिक्षा अभियान, आरटीई, आरटीआई एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर जानकारी देते हुए जागरूक किया।

करंट से युवक की मौत

छबड़ा (निसं)। क्षेत्र के तीतरखेड़ी गांव में कृशि कार्य करते समय विद्युत करंट लगने से एक युवक की मृत्यु हो गई। जिसका छबड़ा चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। एसएचओ राधाकिषन ने बताया कि तीतरखेड़ी निवासी विनोद (30) पुत्र रामलाल ऐरवाल सोमवार को अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। अचानक विद्युत करंट लगने से गंभीर घायल हो गया। जिसे स्थानीय चिकित्सालय लाएं। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

विधायक सुरेश गुर्जर का स्वागत किया

झालावाड़ (निसं)। विधानसभा चुनाव में खानपुर विधानसभा क्षेत्र से सुरेश गुर्जर विधायक निर्वाचित होने पर कांग्रेस प्रतिनिधियों ने उनके कार्यालय पर पहुंचकर माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस दौरान सुरेश गुर्जर ने कहा कि कार्यकर्ताओं की हर क्षेत्र में पैरवी करने में पीछे नहीं रहूंगा इस अवसर पर पार्षद मोहम्मद शफीक खान, पूर्व पार्षद संजिदा बेगम, लालचन्द, पूर्व पार्षद जाहिदा बानो, पूर्व पार्षद आदिल, जुनैद खान, सलमा बानो, इरफान खान, हसन राजा, सद्दाम खान, जफर, राजेन्द्र मेहरा मौजूद रहे।

जिले में तीनों विधानसभाओं के परिणाम चौंकाने वाले रहे

■ 26 प्रत्याशियों में से 19 की जमानत जप्त

बून्दी (निसं)। रविवार को राजस्थान विधानसभा के चुनावों के परिणाम जारी होने के बाद बून्दी जिले की तीनों विधानसभाओं में 46 वर्ष बाद कांग्रेस काबिज हुई। साइलेंट वोटिंग के बाद आमजन और विश्लेषण के द्वारा 2 अनुपात 1 के जो कयास लगाए जा रहे थे, उनके उलट जिले में तीनों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को सफलता मिली। बून्दी विधानसभा से पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने 2018 के चुनाव में 713 वोटों से हुई हार का बदला लेते हुए भाजपा के अशोक डोगरा को 18814 वोटों से शिकस्त दी। वहीं हिण्डोली सीट पर खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने जिलें में सबसे बड़े अंतर 45004 वोटों से भाजपा के पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी को मात दी। ऐसे ही केशवराय पाटन से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सीएल प्रेमी ने भाजपा की चंद्रकांता मेघवाल को 17087 वोटों से हरा कर जीत हासिल की।

बहरहाल जिले की तीनों सीटों बून्दी, हिण्डोली तथा केशवराय पाटन में क्रमशः हरिमोहन शर्मा, अशोक चांदना तथा सीएल प्रेमी कांग्रेस के प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त कर ली हैं। हालांकि जिलें में हुई साइलेंट वोटिंग के बाद नेता, कार्यकर्ता सहित आमजन भी परिणामों को लेकर असमंजस में थे और परिणामों को चौंकाने वाला बता रहे थे। परिणामों के बाद जिलें में कांग्रेस की जीत का सबसे बड़ा कारण बूथ मैनेजमेंट निकल कर सामने आया, जिसके कारण कांग्रेस तीनों सीटों पर काबिज हो सकी। बून्दी सीट पर 15 साल बाद हरिमोहन शर्मा कांग्रेस`स विधायक बने, इससे पूर्व 2003 मे ममता शर्मा कांग्रेस से विधायक रही थी।

हार के बावजूद क्षेत्र में सक्रियता व जातीय समीकरण रही जीत का बड़ा कारणः- पिछले 15 सालों बाद बून्दी विधान सभा में कांग्रेस के विधयक बने हरिमोहन शमा कर्फ जीत के पीछे बड़ा कारण विगत पांच वर्षो में क्षेत्र में सक्रियता रही। 85 वर्शीय शर्मा पिछला चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे तथा सरकार के साथ तालमेल बना कर अपने संपर्कफ का लाभ उठा कर क्षेत्र में कई विकस कार्य करवाएं। इन्होंने लोगों को लोककल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी करवाया। शर्मा को आमजन और कार्यकर्ताओं के साथ जुडाव, क्षेत्र में सक्रियता, बूथ मैनेजमेंट के साथ अपनी जातीय समीकरणों का लाभ भी इस चुनाव में मिला।

साथ ही भाजपा के बागी निर्दलीय रूपेश शर्मा के मैदान में डटे रहने का सीधा फायदा हरिमोहन शर्मा को मिला। वहीं 15 साल से लगातार विधायक रहे भाजपा के अशोक डोगरा को एंटी एंकमबेंसी का नुकसान उठाना पड़ा। डोगरा द्वारा अपने 15 वर्षों में गिनाने लायक कोई बड़ा कार्य नहीं करवाना, विपक्ष की भूमिका में खरा नहीं उतरना, कार्यकर्ताओं में नाराजगी, संगठन के साथ तालमेल का अभाव भी हार के कारणों में शामिल रहें। बहरहाल अशोक डोगरा की साफ व स्पष्ट छवि होने के बावजूद भाजपा के बागी के रूप में मैदान में डटे रूपेष शर्मा का सीधा सीधा नुकसान अशोका डोगरा को उठाना पड़ा। रूपेश शर्मा के रहने से जातीय समीकरणों के साथ भाजपा के नाराज कार्यकर्ताओं के साथ युवाओं के वोट अशोक डोगरा को नहीं मिल पाएं। वहीं संगठन के साथ तालमेल के अभाव के चलते बूथ मैनेजमेंट भी कमजोर रहा।

पांच साल की सक्रियता व विकास कार्य बने जीत के कारणः- हिण्डोली विधानसभा क्षेत्र में अषोक चांदना की जीत के पीछे सबसे बड़ा कारण बूथ मैनेजमंट के साथ उनका युवा तथा बेबाक छवि होना रहा। पिछले 10 वर्शो में करवाए गए विकास कार्य के सहारे अशोक चांदना भाजपा के कद्दावर पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी को शिकस्त देने में कामयाब रहे। अशोक चांदना को आमजन और कार्यकर्ताओं साथ जुडाव, कुशल संवाद, मजबूत टीम और क्षेत्र में पूर्णत सक्रियता भी चांदना को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण रही। वहीं पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी को टिकट मिलने में देरी होना, समय कम मिलने के साथ पिछले कार्यकाल में कोई बड़ी उपलब्धि नहीं होना भी हार का कारण बनी। साथ ही सैनी को आमजन के साथ कार्यकर्ताओं के साथ संवादहीनता, तालमेल की कमी, क्षेत्र में सक्रियता के अभव के साथ कमजोर बूथ मैनेजमेंट का नुकसान उठाना पड़ा।

केशवराय पाटन से 17087 मतों से जीत कर दूसरी बार विधायक बने सीएल प्रेमी को जातीय समीकरण के साथ बूथ मैनेजमेंट का खासा फायदा मिला। यहां पर बागी के स्प में उतरे कांग्रेस के राकेश बोयत कोई खास प्रभाव नहीं दिखा पाएं। सीएल प्रेमी के जिलाध्यक्ष होने के नाते कार्यकर्ताओं पर अच्छी पकड़ बनी रहने से उनके साथ सक्रिय संबंधों का फायदा मिला। वहीं प्रेमी पिछला चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में में निरन्तर सक्रिय रहें और ग्रामीणों के साथ अच्दे संबंध बनाए रखें। साथ ही जातीय समीकरणों का फायदा मिलने के साथ प्रेमी को पिछले कार्यकाल में करवाएं गए कार्य भी लाभ दें गए। वहीं भाजपा की चन्द्रकांता की हार के पीछे अपने कार्यकाल में क्षेत्र में सक्रिय नहीं रहने का नुकसान उठाना पड़ा। मेघवाल विधायक बनने के बाद अधिकांश कोटा और जयपुर में सक्रिय रही, जिसका खामियाजा इन्हें उठानापड़ा। साथ ही रामगंजमंडी में अपनी राजनेतिक जमीन ढूढ़ने के लिए यहां सक्रिय रहना भी इन्हें नुकसानदेय रहा। कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ संवादहीनता और जातीय समीकरणों का अभाव मेघवाल की हार का कारण बनें।

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव में 26 प्रत्याशियों में से 19 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। बूंदी विधानसभा क्षेत्र से रुपेश शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी ही अपनी जमानत बचा पाए। तीनो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कांग्रेस प्रत्याशीयों को ही जमानत जप्त होने से अधिक मत प्राप्त हुए। के पाटन विधानसभा क्षेत्र में 6, हिंडोली विधानसभा में 4, बूंदी विधानसभा में 9 प्रत्याशी की जमानत जप्त हुई हैं।

मिलेट एवं जैविक खेती पर प्रश्नोत्तरी आयोजित

राजकीय महाविद्यालय कोटा में मिलेट एवं जैविक खेती पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुमन शर्मा ने मोटे अनाज एवं जैविक खेती की महत्ता को बताते हुए विद्यार्थियों को इसे अपनाने हेतु प्रेरित किया।

प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुनीता भार्गव एवं प्रो. रीना कुमारी ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्थान प्रथम स्थान श्रुति कुशवाहा, द्वितीय स्थान रितिका मालव एवं तृतीय स्थान पारुल मीणा ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो.अंजू कपूर द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजन में प्रो. मंजू बाला, प्रो. उत्तरा चंद्रावत, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. लोनी लोकवानी ने अपना सहयोग दिया।

भारतीय कवि सम्मेलन 10 को

कोटा, (निसं)। 'बुझने मत दो संघर्षों की, जली मशालें तेज करो' जैसी कालजयी पंक्तियों के रचियता और जनतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षों की आवाज को कविताओं में ढालने वाले जनकवि स्व.विपिन मणि के 75वें जन्मदिन पर हाडौती अंचल के सभी रचनाकारों, साहित्यकारों और रंगकर्मियों द्वारा उनका हीरक जयंती समारोह रविवार 10 दिसंबर को मनाया जायेगा। समारोह के संयोजक डॉ उदय मणि ने बताया कि इस हीरक जयंती के अवसर पर यू.आई.टी. ऑडिटोरियम, श्रीनाथपुरम में रविवार दोपहर 12 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसमें उत्तरप्रदेश के विख्यात गीतकार डॉ राजीव राज, कोटा के ओज कवि जगदीश सोलंकी, हाडौती के गीतकार दुर्गादान सिंह, बृजेंद्र कौशिक, अतुल कनक, मुकुटमणि राज जैसे वरिष्ठ कवियों के साथ राजेंद्र पंवार, लोकेश मृदुल, निशामुनी गौड़, डॉ आदित्य जैन और प्रशांत टहल्यानी सहित अन्य लोकप्रिय कवि अपना काव्यपाठ करेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष मंडल में संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेंज प्रसन्न खमेसरा व कंट्रोलर डॉ. संगीता सक्सेना, मेडिकल कॉलेज कोटा के पूर्व प्राचार्य डॉ. विजय सरदाना आदि रहेंगे।

डॉ.अमित व्यास हाड़ौती गौरव सम्मान 2024 के कोटा जिला संयोजक मनोनीत

कोटा, (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के तत्वाधान में 5 जनवरी को सनाढ्य सभा समिति महावीर नगर प्रथम कोटा में आयोजित होने वाले हाड़ौती गौरव सम्मान 2024 के लिए आईएमए के अध्यक्ष एवं श्री हरी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अमित व्यास को कोटा जिला संयोजक नियुक्त किया है।

हाड़ौती गौरव सम्मान 2024 के कार्यक्रम संयोजक के.के. शर्मा कमल ने बताया कि कोटा जिले की प्रतिभाओ को आगे लाने व हाड़ौती स्तर के सनाढ्य सामुदायिक भवन महावीर नगर कोटा में होने वाले हाड़ौती गौरव सम्मान 2024 के लिए कोटा जिला संयोजक पद पर आईएमए के अध्यक्ष एवं श्री हरी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अमित व्यास को नियुक्त किया है। कोटा जिले की विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाये उनके माध्यम से 25 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगी।

दो जनवरी को हाड़ौती गौरव सम्मान कोटा जिला के 15 नामों की घोषणा होगी। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की अध्यक्ष अंजू शर्मा ने बताया कि जनता, जनार्दन के सहयोग से हाड़ौती गौरव सम्मान समारोह निरन्तर रखा जाने के प्रयास किये जा रहा है यह छठा हाडोती गौरव सम्मान कार्यक्रम होगा।

शर्मा ने बताया कि 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे से हाड़ौती गौरव सम्मान 2024 में कोटा सम्भाग के चारो जिलों कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ के स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवारों के परिजन, समाजसेवी, अधिकारी, कर्मचारी, कवि, साहित्यकार, छात्र-छात्राएं, साहित्यकार, उन्नत कृषक, चिकित्सक, शिक्षाविद्, जनसेवक, महिला उत्थान, स्वच्छता, पर्यावरण, जल संरक्षण, खेल, समेत अनेक क्षेत्रों में सर्व समाज के ख्याति प्राप्त 101 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। आईएमए के अध्यक्ष एवं श्री हरी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अमित व्यास के हाड़ौती गौरव सम्मान 2024 के कोटा जिला संयोजक बनने पर न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की अध्यक्ष अंजू शर्मा, सचिव इंजीनियर पुष्पकान्त, दिनेश पोटर, रिंकू व्यास, शिल्पी, काजल सिंह, उमेश कुमार राजेंद्र सिंह समेत सोसायटी सदस्यों, समाजसेवियों ने बधाई दी, व कोटा जिले की प्रतिभाओं को आगे लाकर सम्मानित करने का आग्रह किया।

टिकट वितरण में सचिन पायलट की अनदेखी कांग्रेस को भारी पड़ी : मीणा

■ निर्दलीय चुनाव लड़े नरेश मीणा ने प्रेसवार्ता की

छबडा (निसं)। सचिन पायलट को टिकट वितरण में लास्ट में जिस प्रकार से नजर अंदाज किया था। इसके कारण कांग्रेस 70 के नीचे रह गई और बीजेपी 115 के ऊपर पहुंच गई। इसलिए मैं हाईकमान से आग्रह करना चाहता हूं कि सचिन पायलट को वापिस से मौका दिया जाए और पुराने नेताओं को हटाकर नई राजनीति प्रारंभ की जाए। यह बात छबड़ा से निर्दलीय चुनाव लड़े नरेश मीणा ने सोमवार को एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं।

प्रेसवार्ता में मीणा ने कहा कि मुझे यहां से निर्दलीय के रूप में रिकोर्डट 43 हजार से अधिक वोट मिले है। इसके लिए मैं जनता का धन्यवाद देना चाहता हूं। हाड़ौती में 17 में से 10-15 टिकट प्रमोद जैन भाया के कहने पर मिले है और वो सारे के सारे हारे है। यहां सब धन-बल की राजनीति करते हैं। इस प्रकार की राजनीति को जनता ने नकारते हुए यहां किसानो के बच्चो और ऐसे लोगो को चुनाव जिताया है। जिन्होने आमजन में पेड बनाई है।

वही, सचिन पायलट की जिस प्रकार राजनैतिक हत्या करने की कोशिश हुई हैं। यही कारण है कि जिस पूर्वी राजस्थान में कांग्रेस को बंपर जीत मिली थी। अब यहां से इस बार भाजपा की बंपर जीत हुई हैं। पत्रकारों के सवाल पर मीणा ने कहा कि मैं अब दौसा से लोकसभा चुनाव की तैयारी करूंगा। आगे कहा कि अगर मैं चुनाव में नही होता तो करणसिंह 25 हजार वोटो से चुनाव जीत जाते।

विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को थर्मल प्लांट में स्थानीय बेरोजगारो को रोजगार दिलाने, नदी पार डूब क्षेत्र के लोगो को मुआवजा दिलाने, किसानो से जुडी बिजली समस्या का समाधान किए जाने, प्लांट में हो रहे भ्रश्टाचार को खत्म करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यहां करणसिंह राठौड़ पूर्व में भी विपक्ष की भूमिका तक नही निभा पाए। इसलिए अब नरेष मीणा जनता के लिए विपक्ष की भूमिका बखूबी निभाएगां। मीणा ने कहा कि यहां किसानो के नाम दुकाने चलाने वाले सिर्फ दलाल हैं।

किसान नेता जयनारायण को वोट क्यो नही आए। इसका मतलब क्या था। कहीं न कही जयनारायण किसी न किसी पार्टी में गए। उन्होने किसानो के हित की राजनीति नही की। मैने सिर्फ किसानो के मुद्दो पर चुनाव लड़ा था। इन्हे नरेष मीणा का साथ देना चाहिए था। इससे पूर्व मीणा ने कस्बे के मतदाताओ का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि नरेश मीणा पायलट समर्थक माने जाते हैं।

प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण प्रारंभ

छबड़ा (निसं)। ब्लॉक में छह दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गालव ने माता सरस्वती की तस्वीर का पूजन अर्चन कर प्रशिक्षण का श्रीगणेश किया।

प्रशिक्षण प्रभारी शंकरलाल नागर के अनुसार बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुराने भवन में 6 दिवसीय प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया है। सोमवार को शुरू हुए प्रशिक्षण में 68 प्रधानाध्यापकों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर प्रशिक्षण लिया। एसआरजी सत्यनारायण शर्मा और केआरपी श्रवण मीणा ने संभागियों को दो भागों, शिविरों में विभाजित कर अलग-अलग प्रशिक्षण दिया।

यहां प्री टेस्ट का आयोजन कर प्रशिक्षण के उद्देश्य और रूपरेखा के बारे में परिचय कराया गया। वही, संवैधानिक मूल्य और आ सीटी की भूमिका के बारे में प्रधानाध्यापकों को जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया गया।

सार-समाचार

विजेता एथलेटिक्स खिलाड़ियों का सम्मान

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा की खेल प्रतिभाओं ने कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित श्रीनाथपुरम स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स खेल कूद प्रतियोगिता 2023 में 4 गुणा 400 रिले प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। विजेता खिलाड़ी विक्रम मेहतर, अभिषेक शर्मा, मोहित मेघवाल तथा विपिन शर्मा रहे। 4 गुणा 100 रिले प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। विजेता खिलाड़ी विपिन शर्मा, मोहित मेघवाल, विक्रम मेहतर तथा अभिषेक शर्मा रहे। साथ ही 400 मीटर दौड़ में भी अभिषेक शर्मा ने रजत पदक तथा 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता तथा 200 मीटर दौड़ में विक्रम मेहतर ने कांस्य पदक तथा ऊंची कूद में बादल मीणा ने रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों का उत्सावर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ रोशन भारती ने पुष्प हार तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया। तथा कहा कि आप सब इसी तरह निरंतर महाविद्यालय का नाम ऊंचा करते रहे। महाविद्यालय को आप पर गर्व है । डॉ शालिनी भारती ने खेल अधिकारी प्रोफेसर डॉ एच एन कोली तथा टीम मैनेजर डॉ हिमा गुप्ता को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। खेल अधिकारी डॉ एच एन कोली ने खिलाड़ियों का होंसला अफजाई करते हुए कहा कि कठोर परिश्रम तथा लगन से महाविद्यालय के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के शुभम सुमन 74 किलोभार में, राकेश मीणा 130 किलो भार मे, सिद्धार्थ गुर्जर 97 किलो भार में तथा नितेश कुमार चौहान 60 किलो भार कुश्ती में कोटा विश्वविद्यालय कोटा की टीम में चयनित होकर अंतर विश्वविद्यालय वेस्ट जोन में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है।

जान देने की कोशिश की

कोटा, (निसं)। कोटा उत्तर सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता शांति धारीवाल ने बीजेपी प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल को हराया। इससे निराश भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता ने खुदकुशी करने की कोशिश की। युवक की तबीयत बिगड़ने पर उसे एमबीएस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। एमबीएस चौकी पुलिस का कहना है कि इस संबंध में नयापुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई है। युवक की तबीयत अभी सामान्य है। नयापुरा थाना पुलिस अस्पताल जाकर युवक का बयान लेकर आगे की कार्रवाई करेगी। कोटा के नयापुरा मुक्तिधाम रोड़ निवासी सुरजीत सिंह का कहना है कि वह 10 सालों से प्रहलाद गुंजल से जुड़े हुए हैं और इस बार प्रहलाद गुंजल के जीतने की भी पूरी उम्मीद थी। उन्होंने भी भाजपा उम्मीदवार गुंजल को जीत दिलवाने के लिए बहुत मेहनत की लेकिन वह जीत नहीं सके। गुंजल के जीत नहीं मिलने से वो निराश हो गए। गुंजल की हार से सुरजीत पूरी तरह से डिप्रेशन में आ गए थे। बता दें कि कोटा उत्तर से कांग्रेस कैंडिडेट शांति धारीवाल ने प्रहलाद गुंजल को 2486 वोटों से शिकस्त दी है। भाजपा कैंडिडेट प्रहलाद गुंजल को 92413 वोट मिले हैं जबकि शांति धारीवाल को 94899 वोट मिले हैं।

अवध एक्सप्रेस में घर से भागी नाबालिक को बचाया

कोटा, (निसं.)। गाड़ी संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनल अवध एक्सप्रेस आनड्यूटी टीटीई सुरेश चंद्र गुप्ता को आगरा से कोटा टिकट चेकिंग के दौरान दिनांक 04 दिसम्बर को एचए 1 कोच के बगल वाले जनरल कोच में एक घबराई एवं डरी प्रतीत दिखाई देने वाली 13 वर्षीय बालिका बिना टिकट यात्रा करते मिली। पूछताछ करने पर मालूम चला कि उसको एक विजय नामक 33 वर्षीय युवक वह घर से भगाकर अपने साथ मुंबई लेकर जा रहा है। इन दोनों यात्रियों के पास गोरखपुर से लखनऊ तक का सामान्य श्रेणी का टिकट मिला और उसके आगे की यात्राएं दोनों बिना टिकट कर रहे थे और अधिक जानकारी प्राप्त करने पर बालिका से पता चला कि यह बालिका उस लड़के के साथ भाग कर मुंबई नहीं जाना चाहती थी। यह नाबालिक उत्तर प्रदेश के जिला महाराजगंज की रहने वाली है। संदिग्ध नजर आने पर आनड्यूटी टीटीई ने वाणिज्य कंट्रोल के माध्यम से गाड़ी के कोटा पहुंचने पर आरपीएफ स्टाफ को अग्रिम कार्यवाही हेतु सलामत हालत में सुपुर्द किया गया। मंडल के रेल कर्मचारियों के इस प्रकार के सराहनीय कार्यों को जनता से बहुत सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलती है।

5001 दीपकों से महाआरती होगी

कोटा, (निसं)। काल भैरव अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को काल भैरव सेवा समिति केशवपुरा की ओर से 5001 दीपकों से महाआरती होगी। मुख्य पुजारी प्रेम नारायण ने बताया कि केशवपुर मुक्तिधाम स्थित काल भैरव मंदिर पर सोमवार को काल भैरव का स्वर्ण श्रृंगार किया गया। तड़के 201 किलो पुष्पों से श्रृंगार किया गया।